हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 30 अक्टूबर 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा




## कुनकुरी में अनुविभागीय कार्यालय के लिए 1.25 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले के कुनकुरी विकासखंड में अनुविभागीय कार्यालय भवन के निर्माण के लिए 1 करोड़ 25 लाख दो हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कुनकुरी में अनुविभागीय कार्यालय का नया भवन बनने से क्षेत्र के प्रशासनिक कार्यों को बेहतर ढंग से संचालित करने में मदद मिलेगी। साथ ही राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी आएगी और आम नागरिकों को विभिन्न शासकीय कार्यों के लिए सुविधाजनक व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी। इस भवन के निर्माण से क्षेत्र में प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ ही शासकीय सेवाओं के संचालन में भी सुविधा होगी।



करवा चौथ पर महिलाओं ने पति लंबी उम्र के लिए की पूजा अर्चना।

## तपकरा में नए तहसील कार्यालय भवन के लिए 1.25 करोड़ की स्वीकृति



जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले के तपकरा में नए तहसील कार्यालय भवन के निर्माण के लिए 1 करोड़ 25 लाख दो हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए तहसील कार्यालय भवन के निर्माण से क्षेत्र में राजस्व संबंधी कार्यों के संचालन में सुविधा होगी। साथ ही राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी आएगी और आम नागरिकों को शासकीय कार्यों के लिए बेहतर कार्यालयीन सुविधाएं मिल सकेंगी। नया भवन बनने से तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली को व्यवस्थित करने और नागरिकों को राजस्व संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

## डीपीएस प्राइमरी स्कूल में टर्म-1 परिणाम घोषित

**जशपुरनगर** । डीपीएस प्राइमरी स्कूल में मंगलवार 27 अक्टूबर को टर्म-1 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों के अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय की शिक्षिका प्रमिला लकड़ा ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। बैठक के दौरान विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों पर चर्चा की गई तथा उनके शैक्षणिक प्रदर्शन, प्रगति और सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों पर विचार-विमर्श किया गया। विशेष रूप से आगामी टर्म-2 सिलेबस की तैयारी पर चर्चा हुई। शिक्षकों ने अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई में नियमितता बनाए रखने, समय-सारिणी के अनुसार अध्ययन करने तथा घर पर पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया।

- पीटीएम में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर हुई चर्चा




विद्यालय की डायरी में विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति का नियमित और सही विवरण दर्ज करने पर भी विशेष जोर दिया गया। शिक्षकों ने बताया कि विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति उनके शैक्षणिक विकास में ⏭ शेष पेज 2 पर

SANJAY RUNGTA GROUP OF INSTITUTIONS
KOHKA-KURUD, BHILAI
EXCELLENCE KI GUARANTEE
PROUD TO ANNOUNCE
BEST PRIVATE DENTAL COLLEGE IN CENTRAL INDIA
with 'A' Grade accredited by NAAC
ACCREDITED WITH GRADE A NAAC
RUNGTA COLLEGE OF DENTAL SCIENCES & RESEARCH
(Under The Aegis of Sanjay Rungta Group of Institutions)
Outlook-ICARE Rankings 2026
1st AMONGST PRIVATE DENTAL COLLEGES IN CENTRAL INDIA
&
16th AMONGST DENTAL COLLEGES IN INDIA
1st AMONGST PRIVATE DENTAL COLLEGES IN CENTRAL INDIA
has been RANKED
has been RANKED
By Outlook
By INDIA TODAY
REGISTRATION OPEN
ONLY FEW SEATS LEFT
AC CLASS ROOMS
BDS | MDS
BEST FACULTY • BEST INFRASTRUCTURE • BEST RESULTS
Only college in CENTRAL INDIA offering MDS in ALL 9 specialization
1. Prosthodontics & Crown and Bridge
2. Periodontology
3. Orthodontics & Dentofacial Orthopedics
4. Conservative Dentistry and Endodontics
5. Paediatrics & Preventive Dentistry
6. Oral & Maxillofacial Surgery
7. Oral Pathology & Microbiology
8. Oral Medicine & Radiology
9. Public Health Dentistry
www.rungtacolleges.com
@rungtacolleges
ADMISSION HELP LINE :
9229 111 555, 92293 44402



## खबर संक्षेप



### मानव कल्याण एवं सामाजिक विकास संगठन ने किया कवि सम्मेलन

**अम्बिकापुर।** महर्षि वाल्मीकि जयंती और शरद पूर्णिमा के अवसर पर मानव कल्याण एवं सामाजिक विकास संगठन द्वारा होटल पंचानन में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक राजेश तिवारी व भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष, कवयित्री गीता दुबे व डॉ.उमेश पाण्डेय के आतिथ्य एवं साहित्यकार एसपी जायसवाल की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन डॉ.पूनम दुबे वीणा की सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ। इस दौरान आशा पाण्डेय ने मिला आदिकवि का जिन्हें, दुनिया में सम्मान, डॉ.पूनम दुबे ने वाल्मीकि ने तप किया, मिला ज्ञान भरपूर, गीता दुबे ने जब मेरा मन घबराया, मैं पास तुम्हारे आया, डॉ.माधुरी जायसवाल ने अकेले भी जीना सिखाती है जिंदगी, विनोद हर्ष ने पग-पग में सुख-दुख का जब इम्तिहान होता है, श्याम बिहारी पाण्डेय ने जब देश हमारा सोया था, जागी आंखों ने रोया था, संतोष दास सरल ने कर्तव्यों की बलिवेदी पर दोनों को शीश चढ़ाना होगा, सीमा तिवारी ने शक्ति स्वरूप सुमंगलकारिणी काज संवारती हो सबकी मां, अंजू पाण्डेय ने रामराज का सपना है तो कर्म राम सा करना होगा, गरिमा शर्मा ने कुछ इश्क होते हैं नहीं मशहूर होने को, तरूणा अग्रवाल ने हृदय में प्रेम का अब नहीं होता है संचार, प्रकाश कश्यप ने बिखरा-बिखरा प्यार जरा देखो तो सही, देवेंद्रनाथ दुबे ने दूर तुमसे हुआ हूं दो पल के लिए, एसपी जायसवाल ने तब की नारी थी सावित्री पति की खातिर यम से भी लड़ जाती थी, प्रताप पाण्डेय ने खुशियों को तुम बोझ क्यूं मानती हो, डॉ.उमेश पाण्डेय ने मैं रूक नहीं सकता, झुक नहीं सकता, टूट नहीं सकता, सत्यप्रकाश दुबे ने हाय पइसा, कहां ले आय पइसा, अजय सागर ने रावण के पुतले को मारा, अब तो दिल का रावण मारो एवं मुकुंदलाल साहू ने बातचीत से कीजिए, हर मसले को दूर रचना सुनाई। अंत में समन्वयक राजेश तिवारी ने कविताओं की समीक्षा की। इस दौरान मंजू तिवारी, राजेंद्र प्रसाद त्यागी, मनबोध राम, ईश्वर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### सहकारी बैंक में विड्रॉल से भुगतान नहीं होने से ग्रामीण परेशान, 30 किमी दूर से आया ग्रामीण लौटा खाली हाथ

**ओड़गी।** सहकारी बैंक में अपना ही पैसा निकालने के लिए ग्रामीणों को परेशान होना पड़ रहा है। आरोप है कि बैंक मैनेजर संतोष कुमार जायसवाल और कैशियर चंद्रशेखर ने विड्रॉल फॉर्म से नकद भुगतान के बजाय चेक लाना अनिवार्य कर दिया है। इससे दूर-दराज से आने वाले खाताधारकों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत बांक के आश्रित ग्राम थरगी निवासी पारसनाथ गांव से 30 किलोमीटर दूरी तय कर ओड़गी ब्लॉक मुख्यालय सहकारी बैंक में अपने खाते से 3,500 रुपये निकालने आया था। पारसनाथ विड्रॉल फॉर्म भरकर भुगतान मांगा, लेकिन आरोप है कि मैनेजर ने उन्हें डांट-फटकार कर वापस भेज दिया। नतीजतन लंबी दूरी तय करने के बाद भी उसे अपने खाते से पैसे नहीं मिले। इसी दिन ओड़गी में साप्ताहिक बाजार भी लगता है। ग्रामीण बैंक से पैसे निकालकर सप्ताह भर के राशन और घरेलू जरूरतों का सामान खरीदते हैं। ऐसे में भुगतान नहीं मिलने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। इस संबंध में डिप्टी रजिस्ट्रार अनिल कुमार बनाज ने बताया कि पहले खाते का प्रकार देखना होगा। यदि चेक जारी किया गया है, तो उससे भुगतान किया जा सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि चेक नहीं होने पर विड्रॉल फॉर्म से भी पैसे निकाले जा सकते हैं।



### काली पूजा के लिए की जा रही व्यापक तैयारी, समिति गठित

**सूरजपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सार्वजनिक माँ काली पूजा समिति द्वारा कालरात्रि माँ काली की पूजा धूमधाम से की जाएगी। जिसके लिए रविवार को अग्रसेन भवन में समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यक्रम की भव्यता एवं आयोजित अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। सार्वजनिक समिति इस वर्ष अपना 17 वां वार्षिकोत्सव मना रही है। नगर के भैयाथान रोड पंचमन्दिर पारा स्थित दुर्गा बाड़ी में होने वाली माँ काली पूजन हेतु भव्य पंडाल निर्माण के साथ व्यापक तैयारियां की जा रही है। समिति के सदस्यों ने बताया कि 8 नवम्बर की दोपहर 3 बजे कलश स्थापना, 4 बजे शिव तांडव, साढ़े पांच बजे चंडी पाठ के पश्चात रात्रि 11 बजे से माँ काली की पूजा प्रारम्भ होगी। रात्रि 2 बजे देवी अभिषेक, प्रातः 3 बजे दीपदान एवं बलिदान, प्रातः 4 बजे पुष्पांजलि, प्रातः साढ़े चार बजे माता रानी का महाभोग ततपश्चात हवन एवं आरती की जाएगी। 9 नवम्बर की संध्या 7 बजे महाआरती पश्चात कन्या पूजन व कन्या भोज एवं महाकाली का भंडारा, माता को चुनरी भेंट, भगवती जागरण तथा गरबा महोत्सव का कार्यक्रम होगा। 10 नवम्बर को सिंदूर दान एवं भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। सम्पूर्ण आयोजन के सुव्यवस्थित संचालन के लिए समिति के पदाधिकारी बनाये गए है। जिनमे संरक्षक रामकृष्ण ओझा, चंचलेश श्रीवास्तव, मुकेश गर्ग, पवन मितल, अध्यक्ष रूपेश मितल, उपाध्यक्ष रामजी साहू, आशीष गुप्ता, संजीत गुप्ता, कोषाध्यक्ष संजय गर्ग, कृष्ण मंगल हरिओम अग्रवाल, सचिव अजय सिंह, आशिक सोनी बाबू, सहसचिव प्रविण साहू, विक्की साहू, व्यवस्थापक प्यारे साहू, सुमित मित्तल, राकेश महराज, नितेश गुप्ता,पूजा प्रमुख विकास साहू, स्पर्श श्रीवास्तव को बनाया गया है।

## बैठक में शराब बनाने और पीने-पिलाने पर जुर्माना लगाने की गई चर्चा

# कंचनपुर, खरसुरा और केवरी के बाद अब कुंवरपुर में पूर्ण शराबबंदी की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

जिले के लखनपुर विकासखंड में इन दिनों शराबबंदी को लेकर जागरूकता की लहर देखने को मिल रही है। कंचनपुर, खरसुरा और केवरी के बाद अब ग्राम पंचायत कुंवरपुर में भी पूर्ण शराबबंदी की दिशा में पहल शुरू हो गई है। शराब के दुष्परिणामों से गांव और परिवारों को बचाने के उद्देश्य से आयोजित ग्राम सभा की बैठक में बड़ी संख्या में महिलाएं एकजुट हुईं और पंचायत में शराबबंदी लागू करने को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई।

**खास बात**
- विकासखंड में शराबबंदी की बयार

लखनपुर विकासखंड के कंचनपुर, खरसुरा और केवरी सहित आसपास के क्षेत्रों में शराबबंदी को लेकर चल रही पहल के बीच अब कुंवरपुर का नाम भी इस मुहिम से जुड़ता नजर आ रहा है। ग्रामीणों की एकजुटता और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से शराबबंदी की उम्मीद मजबूत हुई है। ग्राम पंचायत कुंवरपुर में शराब बंदी को लेकर लेकर ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक में ग्रामीणों ने गांव में शराब बनाने, बिक्री करने के साथ शराब पीने पर रोक लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान शराब पीने-पिलाने और शराब बनाने वालों पर भारी जुर्माना लगाने का प्रस्ताव भी चर्चा में आया। ग्राम सभा में मौजूद महिलाओं और ग्रामीणों ने शराबबंदी को लेकर अपनी सहमति जताते हुए इसे गांव के सामाजिक वातावरण में सुधार लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। बैठक में ग्राम पंचायत के सरपंच चमन सिंह, पंचों सहित अन्य जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणों ने शराबबंदी की पहल को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। हालांकि ग्राम पंचायत में पूर्ण शराबबंदी लागू करने के लिए आगे क्या कदम उठाए जाएंगे और प्रस्ताव को किस तरह अमलीजामा पहनाया जाएगा यह आने वाले समय में स्पष्ट होगा।



बैठक में शामिल ग्रामीण।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि ग्राम सभा में हुई चर्चा और लिए गए निर्णय को धरातल पर उतारने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाएंगे। यदि ग्रामीणों की यह पहल प्रभावी रूप लेती है, तो कुंवरपुर में शराबबंदी की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण शुरुआत साबित हो सकती है। ग्राम सभा की बैठक में सरपंच चमन सिंह, मनीता सिंह, उप सरपंच पंचम सिंह पैकरा, पंच राम जतन मानमति, अन्य पंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### महिलाओं की एकजुटता से बढ़ी उम्मीद

ग्राम कुंवरपुर में शराबबंदी को लेकर हुई इस पहल में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से देखने को मिली। ग्रामीणों का मानना है कि शराब की लत के कारण कई परिवारों को आर्थिक और सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में गांव में शराबबंदी लागू होने से परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार, घरेलू विवादों में कमी और सामाजिक वातावरण को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है।

### कुंवरपुर पर टिकी निगाहें

लखनपुर विकासखंड के कंचनपुर, खरसुरा और केवरी सहित आसपास के क्षेत्रों में शराबबंदी की गई है। कुछ दिनों पूर्व ही ग्राम पंचायत केवरी में शराब पीने तथा बनाने के वाले लोगों के विरूद्ध न सिर्फ कार्रवाई की गई बल्कि हजारों रुपए का जुर्माना भी लगाया गया था। ऐसे में अब शराबबंदी मुहिम में कुंवरपुर का नाम भी जुड़ता नजर आ रहा है। ग्रामीणों की एकजुटता और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से शराबबंदी की उम्मीद मजबूत हुई है।

# खेत में धान की फसल, गिरदावरी में रकबा जीरो, पटवारी हड़ताल से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

राजस्व पटवारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल के बीच किसानों की परेशानियां बढ़ती जा रही है। क्षेत्र के दर्जनभर गांवों में गिरदावरी रिकॉर्ड में त्रुटियों के कारण किसान चिंतित हैं। स्थिति यह है कि कई किसानों के खेतों में धान की फसल खड़ी है, लेकिन ऑनलाइन गिरदावरी में धान का रकबा शून्य दिखाई दे रहा है।

- बैंक से ऋण लेने वाले किसानों की बढ़ी चिंता

ऐसे में किसानों के सामने समर्थन मूल्य पर धान बेचने का संकट खड़ा हो गया है। राजस्व पटवारी संघ के सदस्य 13 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर है। इसके चलते राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित है। क्षेत्र के ग्राम महुली, खोहीर, बैजनपाट, लूल्ह, रामगढ़, जुड़वानिया, कोल्हुआ, चोंगा, कछवारी, करौटी सहित आसपास के गांवों के किसान गिरदावरी में हुई गड़बड़ियों को लेकर परेशान हैं। किसानों का कहना है कि उनके खेतों में धान की फसल लगी है, इसके बावजूद गिरदावरी में धान का रकबा जीरो दर्ज है। कई किसानों के रिकॉर्ड में धान के स्थान पर दूसरी फसल दर्ज है, जबकि कुछ किसानों की फसल का विवरण ही दर्ज नहीं किया गया है जिससे किसानों को धान बेचने के लिए पंजीयन और रिकॉर्ड में सुधार कराने की चिंता सता रही है। गिरदावरी की गड़बड़ी से ऐसे किसानों की चिंता बढ़ गई है जिन्होंने जिला सहकारी बैंक से कृषि ऋण लिया है। खेतों में धान की फसल तैयार होने के बावजूद गिरदावरी में रकबा शून्य दिखने से किसानों को अपनी उपज बेचने से वंचित होने का भय सता रहा है। समय रहते रिकॉर्ड में सुधार नहीं हुआ तो किसानों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है और कृषि ऋण चुकाने की चिंता भी बढ़ सकती है। क्षेत्र के किसानों ने कलेक्टर से क्षेत्र के दूरस्थ गांवों में तत्काल शिविर लगाकर किसानों की शिकायतों का निराकरण करने वास्तविक फसल का सत्यापन करा गिरदावरी में दर्ज त्रुटियों को सुधारने की मांग की है। किसानों का कहना है कि धान खरीदी का समय नजदीक होने के कारण जल्द सुधार नहीं हुआ, तो बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज बेचने से वंचित हो जाएंगे।



# पीवी ऐप के विरोध में पटवारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

पीवी ऐप की तकनीकी एवं व्यवहारिक खामियों का समाधान नहीं होने और विरोध करने वाले पटवारियों पर कार्रवाई किए जाने से राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ में नाराजगी है,संघ 13 अक्टूबर से अनिश्चितका लीन हड़ताल पर है, पटवारी संघ ने भू-अभिलेख संचालनालय नवा रायपुर के संचालक को ज्ञापन सौंपकर ऐप की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने और पटवारियों के तबादले, निलंबन व कारण बताओ नोटिस की कार्रवाई निरस्त करने की मांग की है।

- तकनीकी खामियों का समाधान करने एवं पटवारीयों के निलंबन व तबादले की कार्रवाई वापस लेने हेतु संचालक को सौंपा ज्ञापन

संघ के अनुसार पीवी ऐप से फसलों के भौतिक सत्यापन में आ रही दिक्कतों से शासन और विभाग को पहले ही अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ है। संघ ने कहा कि पटवारी डिजिटल क्रॉप सर्वे, एग्रीस्टैक व किसान पंजीयन, जनगणना, लघु सिंचाई संगणना, रेलवे व एनएच सर्वे, आय-जाति-निवास प्रमाणपत्र, स्वामित्व योजना और अन्य शासकीय कार्य भी कर रहे हैं। ऐसे में तकनीकी खामियों के बीच पीवी ऐप से काम कराने का दबाव उचित नहीं है। संघ ने आरोप लगाया कि ऐप के बहिष्कार को लेकर बलौदाबाजार में पदाधिकारियों व पटवारियों के तबादले और कारण बताओ नोटिस जारी किए गए, जबकि महासमुंद में पटवारियों को निलंबित किया गया है। संघ ने इन कार्रवाइयों की निंदा करते हुए इन्हें तत्काल निरस्त करने की मांग की है। संघ का कहना है कि दंडात्मक कार्रवाई के बजाय पीवी ऐप की खामियां दूर कर लंबित मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाना चाहिए।

# सोना-चांदी चमकाने के नाम पर 2.3 लाख की ठगी, बेटा गिरफ्तार पिता फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

सोना-चांदी और बर्तन चमकाने के नाम पर ठगी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने पिता के साथ मिलकर ग्राम शिवपुर निवासी एक महिला से 2 लाख 3 हजार 6 सौ रूपए ठग लिया था। घटना में शामिल आरोपी पिता अब भी फरार है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम शिवपुर निवासी दुर्गावती पति सोमेश सिंह (30 वर्ष) ने रामानुजनगर थाने में शिकायत की थी कि मार्च-अप्रैल माह में ग्राम नारायणपुर निवासी राकेश उर्फ रूपेश साहू और उसके पिता ललन साहू गांव में आए और सोना-चांदी एवं बर्तन चमकाने आए थे। इसी बीच पिता पुत्र ने उसे 80 हजार कीमत के असली सोने चांदी के जेवर बताकर दिए। शंका होने पर जब


दुर्गावती ने लोगों को बताई तो लोगों ने सोने चांदी के जेवर को नकली होना बताया।

पिता-पुत्र द्वारा नकली सोना चांदी के जेवर को असली बताकर देने पर ठगी कर लिया। पीड़ित महिला के मुताबिक पिता पुत्र ने गांव के मालती पति भुवनेश्वर को 21 हजार रूपये व चमेली सिंह पति सुरेन्द्र सिंह 16 हजार रूपये तथा सांता सिंह पति नरेन्द्र सिंह को 47 हजार 200 रूपये एवं कलावती सिंह पति देव सिंह को 39 हजार 400 रूपये का सोना चांदी का आभूषण देकर ठगी किया। इसके अलावा रूपेश साहू और उसके पिता ललन साहु द्वारा शिवपुर, भुवनेश्वरपुर, बद्रिका आश्रम के आसपास गांव में भी सोना चांदी का आभूषण देकर धोखाधड़ी कर ठगी किए है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 318(4) एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। विवेचना के दौरान साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपी रूपेश साहू आ.बचन साहू (29 वर्ष) बुधवार की गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने अपने पिता के साथ मिलकर ठगी करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया और 11 नवंबर तक न्यायिक रिमांड की मांग की है। मामले में दूसरा आरोपी ललन साहू अब भी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

### कुमदा सहक्षेत्र में लकड़ी व कबाड़ चोरी करते चार आरोपी पकड़ाए

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा सहक्षेत्र में लकड़ी व कबाड़ चोरी करने दौरान कम्पनी सुरक्षा विभाग ने चार लोगों को पकड़कर पुलिस को सौंपा है। बिश्रामपुर पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए बुधवार को चारों आरोपियों को सूरजपुर न्यायालय में पेश किया, बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि सिलफिली निवासी विकेश गिरी, केनापारा तेलईकछार निवासी मुकेश सोनी, महेशपुर निवासी राजू प्रसाद राजवाड़े और गणेशपुर निवासी राम मोहन राजवाड़े को मंगलवार को कुमदा सहक्षेत्र में लकड़ी व कबाड़ चोरी करते हुए एसईसीएल सुरक्षा विभाग ने पकड़ा था,इसके बाद उन्हें बिश्रामपुर पुलिस को सौंप दिया गया.पुलिस ने मामले में चोरी से संबंधित कार्रवाई पूरी कर चारों को न्यायालय में पेश किया है। ज्ञात हो कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में यूकेलिप्टस के पेड़ों की अवैध कटाई और लकड़ी व कबाड़ चोरी का अवैध कारोबार लंबे समय से फलफुल रहा है,कोयलांचल क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियों से कंपनी की संपत्ति की सुरक्षा को लेकर सवाल उठते रहे हैं।

# उत्तर प्रदेश से अवैध रूप से लाया जा रहा 37 बोरी धान जब्त

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी की तैयारियों के बीच दूसरे राज्य से धान लाकर खपाने के प्रयास पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देश पर 27 अक्टूबर को एसडीएम की टीम ने उत्तर प्रदेश से अवैध रूप से लाया जा रहा लगभग 37 बोरी धान जब्त किया। धान के परिवहन में इस्तेमाल किए जा रहे ट्रैक्टर को भी जब्त कर पुलिस चौकी डिंडो के सुपुर्द किया गया है। कार्रवाई के दौरान एसडीएम आनंद नेताम का ट्रैक्टर चलाकर थाने तक पहुंचने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

- ट्रैक्टर लेकर खुद थाने पहुंचे एसडीएम, चालक मौके से फरार



जानकारी के अनुसार त्रिशुली निवासी दीनदयाल गुप्ता अपने ट्रैक्टर से उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले की दुद्धी तहसील अंतर्गत ग्राम जामपानी से लगभग 37 बोरी धान लेकर आ रहे थे। धान को बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर तहसील अंतर्गत ग्राम सलवाही निवासी नंदलाल प्रसाद गुप्ता के घर ले जाया जा रहा था। पूछताछ के दौरान दीनदयाल गुप्ता ने कथित तौर पर स्वीकार किया कि धान को नंदलाल गुप्ता के नाम पर बिक्री करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश से छत्तीसगढ़ लाया जा रहा था। मौके पर धान के परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर प्रशासनिक टीम ने धान सहित ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। ट्रैक्टर चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं थे। कार्रवाई के दौरान ट्रैक्टर चालक के मौके से फरार होने की जानकारी सामने आई। इसके बाद एसडीएम आनंद नेताम ने स्वयं ट्रैक्टर की स्टेयरिंग संभाली और उसे चलाकर पुलिस चौकी तक पहुंचाया। एसडीएम के स्वयं ट्रैक्टर चलाकर पुलिस चौकी पहुंचने का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्रशासन ने जब्त धान और ट्रैक्टर को पुलिस चौकी डिंडो के सुपुर्द कर दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन की इस कार्रवाई को दूसरे राज्य से धान लाकर स्थानीय स्तर पर बिक्री करने के प्रयासों पर रोक लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### कन्या महाविद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह

**अम्बिकापुर।** सत्यनिष्ठा से समृद्धि अंतर्गत राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी तथा छात्राओं ने सत्यनिष्ठा की शपथ ली। प्राचार्य डॉ.एजेन टोप्पो ने शपथ दिलाई। डॉ.अलका जैन ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने के उद्देश्यों के बारे में बताया तथा सप्ताह भर होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी। आयरन मैन ऑफ इंडिया सरदार वल्लभ भाई पटेल के अखंड भारत के निर्माण में योगदान को याद किया गया। छात्राओं ने भ्रष्टाचार रोकने के प्रति जनजागरूकता लाने हेतु स्लोगन बनाये। मंगलवार को छात्राओं एवं महाविद्यालय के स्टाफ द्वारा वाकाथान किया जाएगा।

### लुण्ड्रा में 3.68 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

अम्बिकापुर। जनपद पंचायत लुण्ड्रा क्षेत्र में बुधवार को 3 करोड़ 68 लाख रुपये की लागत से होने वाले दो विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पंचायत लमगांव में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र तथा ग्राम पंचायत डडगांव में डडगांव से दोरना तक सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत लमगांव में 32 लाख रुपये की लागत से नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जाएगा। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। ग्राम पंचायत डडगांव में डडगांव से दोरना तक दो किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। इस कार्य की लागत 3 करोड़ 36 लाख रुपये निर्धारित है। सड़क निर्माण से क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होने तथा ग्रामीणों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

# प्रगति इलेवन लक्ष्मीपुर की टीम ने गणेश उत्सव फुटबॉल प्रतियोगिता की अपने नाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

ग्राम पंचायत कालामांजन स्टेडियम ग्राउंड मे गणेश उत्सव समिति कालामांजन द्वारा विगत 41 वर्षों से संभाग स्तरीय गणेश उत्सव फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बेन बहादुर सिंह के नेतृत्व व मार्गदर्शन में होते आ रहा है। फाइनल मुकाबला प्रगति इलेवन लक्ष्मीपुर विरूद्ध एमएफसी कपसरा के बीच खेला गया। जिसमें प्रगति इलेवन लक्ष्मीपुर ने फाइनल मैच 0-1 से जीत हासिल की। इस वर्ष प्रतियोगिता में 4 जिले की कुल 16 टीमों ने भाग लिए।

फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन के अवसर समिति संरक्षक बेनबहादुर सिंह द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बलराम सोनी ने कहा कि खेल से शारीरिक, मानसिक स्वस्थ होता है। बच्चों को मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी। समिति संरक्षक संजय कुमार यादव ,बाबूलाल सिंह, संदीप साहू,राजेश नायर, गौरी सिंह जनपद सदस्य, नेहा सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित किया। मंच का सफल संचालन समिति सचिव सुरेश कुमार यादव द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन समिति संरक्षक राम गुलाब सिंह द्वारा किया गया। समिति द्वारा सर्वप्रथम भूतपूर्व दिवंगत खिलाड़ियों के पत्नीयों को शाल व मेमोन्टो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम को नकद राशि सहित शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान श्रीमती गौरी सिंह, संदीप साहू, राजेश नायर, लाला राम, देवनाथ, बाबूलाल सिंह, धर्म प्रसाद पटेल, शुभम सिंह, राम मोहर यादव,केशव प्रसाद सिंह, ,धर्मराज सिंह, शंकर सिंह, ओम प्रकाश सिंह, प्रदीप सिंह, अचल धारी सिंह, भुवनेश्वर सिंह, अरुण सिंह, नीरज सिंह,चंद्र बली राजवाड़े, अभिमन्यु सिंह, मो. शाकिर अंसारी, प्रशांत सिंह, दानी पाण्डेय, शशी जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### परिक्षेत्र स्तरीय वॉलीबॉल स्पर्धा में 10 महाविद्यालयों की टीमों ने लिया भाग

**बलरामपुर।** शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर में प्राचार्य डॉ. अर्चना गुप्ता की अध्यक्षता एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अश्विनी विश्वकर्मा के संयोजन में 24 एवं 25 अक्टूबर को परिक्षेत्र स्तरीय वॉलीबॉल (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग के 10 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लेते हुए उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं खेल भावना का परिचय दिया। प्रतियोगिता में सरस्वती महाविद्यालय अंबिकापुर की टीम विजेता तथा राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर की टीम उपविजेता रही। खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से प्रतियोगिता को रोमांचक एवं प्रतिस्पर्धा पूर्ण बनाया। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में विनोद कुर्रे, पवन पाटले, चोवाराम देवांगन, खगेश्वर प्रसाद कश्यप, सुजीत प्रजापति, अनुज गुप्ता एवं आरिफ खान रहे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अर्चना गुप्ता ने खिलाड़ियों के उत्साह एवं प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। आयोजन संयोजक डॉ. अश्विनी विश्वकर्मा ने सभी प्रतिभागी टीमों, क्रीड़ा अधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान जॉन पीटर टोप्पो, वर्षा गुप्ता, मनोरंजन कुमार, धीरज मिश्रा, अशोक एक्का, प्रदीप सैनी, सोनाली गोस्वामी, महेश्वर प्रसाद राजवाड़े सहित अन्य मौजूद रहे।



## पृष्ठ 1 का शेष

### डीपीएस प्राइमरी स्कूल...

महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बैठक में बच्चों के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की गई। अभिभावकों को बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा उनके सर्वांगीण विकास में सहयोग देने का संदेश दिया गया। साथ ही समानता एवं एकरूपता के महत्व पर आधारित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, सहयोग और सकारात्मक सोच विकसित करने पर बल दिया गया। शिक्षक-अभिभावक के बीच बेहतर समन्वय बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव

विद्यालय की प्राचार्य जयंती सिन्हा ने बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षक एवं अभिभावक की साझा भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि शिक्षक और अभिभावक के बीच बेहतर समन्वय ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। विद्यालय और परिवार के संयुक्त प्रयासों से ही बच्चों में शिक्षा, संस्कार, अनुशासन एवं आत्मविश्वास का विकास संभव है। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर ओम प्रकाश सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति का मूल्यांकन करना, अभिभावकों से संवाद स्थापित करना तथा बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। बैठक सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अभिभावकों की सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि शिक्षक एवं अभिभावक मिलकर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।



# ऑपरेशन सिंदूर में लीड रोल करेंगे कार्तिक

**मुंबई।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से जवाबी कार्रवाई के तौर पर किया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' देशभर में चर्चा का विषय रहा था। अब इस पर फिल्म बनने जा रही है, जिसका निर्देशन विवेक अग्निहोत्री करेंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म में कार्तिक आर्यन को बतौर लीड हीरो साइन किया गया है। यह फल्म लेफ्टिनेंट जनरल के.जे.एस. 'टाइनी' ढिल्लों की किताब 'ऑपरेशन सिंदूरः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ इंडियाज डीप स्ट्राइक्स इनसाइड पाकिस्तान' पर बेस्ड होगी। इस फिल्म का ऐलान विवेक अग्निहोत्री ने मार्च में किया था, लेकिन अब इससे जुड़ी कुछ और दिलचस्प जानकारियां सामने आई हैं।

## लाइफ Style

# सारा

## मेरे पास कोई गॉडफादर नहीं

एजेंसी ⏭ मुंबई

सारा अली खान इन दिनों अपनी फिल्म 'उड़ता तीर' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने करियर, परिवार और नेपोटिज्म जैसे मुद्दे पर बात की है। उन्होंने साफ किया कि उनके पिता सैफ अली खान ने उन्हें कोई फिल्म दिलाने के लिए अर्जी कभी नहीं दी।

बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान एक बार फिर नेपोटिज्म यानी परिवारवाद को लेकर अपने बयान के कारण चर्चा में हैं। फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखने वाली सारा ने स्वीकार किया कि उनके पारिवारिक बैकग्राउंड ने इंडस्ट्री में एंट्री पाने और पहचान बनाने में मदद की है। हालांकि, उनका मानना है कि नेपोटिज्म पर लगातार होने वाली बहस कई बार कलाकारों की मेहनत को नजरअंदाज कर देती है। सारा ने अपने संघर्ष के बारे में बात करते हुए मां अमृता सिंह के साथ बिताए समय का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वह अपनी मां के साथ रहती हैं और उनके पिता सैफ अली खान ने उनके फिल्मी कॉन्ट्रैक्ट या फिल्मों में काम दिलाने के लिए निर्माताओं के चक्कर नहीं लगाए। उन्होंने कहा, 'मैं अपनी मां के साथ रहती हूं। मेरे पिता ऐसे नहीं थे कि दफ्तरों में जाकर मेरे कॉन्ट्रैक्ट पर बातचीत करते या लोगों से मेरी फिल्मों में कास्ट करने की गुजारिश करते, भीख मांगते या मिन्नतें करते। जब 'केदारनाथ' के दौरान समस्या आई थी, तब मैं खुद उसे सुलझा रही थी। उस समय मेरे साथ कोई नहीं था। यह दोधारी तलवार की तरह है, क्योंकि इंडस्ट्री में मेरा कोई गॉडफादर बिल्कुल नहीं रहा।'



## हॉलीवुड मसाला



# फीका जा रहा विद्युत का हॉलीवुड डेब्यू

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा में विद्युत जामवाल को अभी बहुत ज्यादा समय नहीं हुआ है, लेकिन उनका नाम इंडस्ट्री में बड़े सम्मान के साथ लिया जाता है। अब एक्टर ने अपना हॉलीवुड डेब्यू भी कर लिया है। उनकी फिल्म स्ट्रीट फाइटर सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक हफ्ते का वक्त हो चुका है। इस फिल्म के सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। स्ट्रीट फाइटर ने रिलीज के सातवें दिन यानी गुरुवार को लचर प्रदर्शन किया है और फिल्म 50 लाख भी नहीं कमा सकी है।



# लौट रही है 'द रिंग्स ऑफ पावर' की जादुई दुनिया

**नई दिल्ली।** द लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द रिंग्स ऑफ पावर के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। मिडिल-अर्थ की जादुई दुनिया एक बार फिर दर्शकों को रोमांच और रहस्य से भरी कहानी दिखाने के लिए तैयार है। इस मशहूर फैंटेसी सीरीज के तीसरे सीजन का ऑफिशियल ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। नए ट्रेलर में पहले से ज्यादा खतरनाक जंग, अंधेरे की बढ़ती ताकत और कई बड़े संघर्षों की झलक देखने को मिलती है। द लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द रिंग्स ऑफ पावर का तीसरा सीजन 11 नवंबर को रिलीज होने वाला है। सीजन 3 की कहानी एरेगियन के पतन के पांच साल बाद की घटनाओं पर आधारित है, जब मिडिल-अर्थ में एक बड़ी जंग छिड़ जाती है।




# हिंदी और मलयालम में रिलीज होगी पायर

**मुंबई।** विनोद कापड़ी की फिल्म पायर 30 अक्टूबर को भारत में हिंदी और मलयालम में रिलीज हो रही है। फिल्म 'पायर' भारत में रिलीज होने से पहले ही दुनियाभर में डंका बजा चुकी है। अब तक 18 इंटरनेशनल अवॉर्ड जीत चुकी है। भारत का हृदय गांव में बसता है। मगर, व्यक्ति रोजगार व अन्य जरूरतों के लिए गांव से शहर की तरफ पलायन करता है। दिल में उम्मीद होती है कि एक दिन गांव में वापसी होगी। पीछे छूट गए मां-बाप भी इसी आस में होते हैं कि संतान अपने ठौर लौटेगी। मगर, जिंदगी थोड़ी अलग तरह चलती है। माता-पिता के इंतजार और बच्चों के गांव वापसी की उम्मीद...दोनों चलती रहती हैं। कुछ इसी पर आधारित है फिल्म 'पायर'। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता विनोद कापड़ी की यह फिल्म कई इंटरनेशनल फिल्म समारोह में पहले ही तालियां बटोर चुकी है।



# मेरे यार बजरंगी में नजर आएंगे किशन

**मुंबई।** अभिनेता रवि किशन माइथोलॉजिकल फिल्म में नजर आने वाले हैं। पोस्टर के साथ फिल्म का ऐलान किया गया है। 'मेरे यार बजरंगी दोस्ती हो तो ऐसी' टाइटल वाली इस फिल्म में रवि किशन पर्दे पर बजरंगी के दोस्त बनकर छाने वाले हैं। यह फिल्म दिवाली 2027 में रिलीज होगी। इस भक्ति ड्रामा फिल्म को महावीर जैन फिल्म्स प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिलहाल तो फिल्म के पोस्टर ने पर्याप्त दिलचस्पी पैदा कर दी है। पोस्टर में रवि किशन एक दमदार, लेकिन सादगी भरे अवतार में हैं। पोस्टर में उनका चेहरा नहीं नजर आ रहा है, सिर्फ मुट्ठी बांधने की सिंबॉलिक इमेज भी है। एक हाथ रुद्राक्ष और रक्षा सूत्र पहने शख्स का है। वहीं दूसरा हाथ बजरंग बली का है, जो श्री राम नाम का पटका और रुद्राक्ष की माला पहने हुए हैं। दोनों को एक दिव्य चिंगारी जोड़ती है।

## टीवी मसाला



# कपिल के शो पर शाहिद मीरा और ईशान का धमाल

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा के शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शोः सीजन 5' के दिवाली स्पेशल एपिसोड में शाहिद कपूर अपनी पत्नी मीरा राजपूत कपूर और भाई ईशान खट्टर के साथ नजर आने वाले हैं। इस एपिसोड का पहला प्रोमो बुधवार को नेटफ्लिक्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर शेयर किया। 1 मिनट 52 सेकेंड का ये प्रोमो काफी मजेदार है। कपिल के शो पर शाहिद, ईशान और मीरा सिर्फ हंसते हुए ही नहीं दिखे हैं, बल्कि ये तीनों मेहमान खूब जोक भी मारते नजर आ रहे हैं। प्रोमो की शुरुआत में दिखाया गया है कि कपिल शर्मा के शो पर शाहिद कपूर और ईशान खट्टर ने झिंग झिंग झिंगाट गाने पर स्टेज हिला दिया। इस दौरान कपिल शर्मा ने मीरा सवाल किया कि शायद ये आपका पहला टीवी अपियरेंस है, जिसपर मीरी ने हां में जवाब दिया। इस दौरान शाहिद कपूर ने 'उड़ता पंजाब'के दौर का एक किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया, "उड़ता पंजाब जब पूरी की तो, आपको मालूम है कि एडिटिंग रूम में आपको बुलाकर दिखाते हैं फिल्म, ये मेरे साइड में बैठी हुई थीं। फिल्म खत्म हुई तो ये सोफे के उस तरफ बैठ गई।' इस पर कपिल शर्मा ने मजाक में कहा, 'कबीर सिंह देखकर शादी होतीये तो मा जाती।' इस दौरान शाहिद कपूर ने खुलासा किया कि बचपन में उन्होंने ईशान खट्टर के डायपर भी बदलते हैं। वो कहते हैं, "बचपन में मैंने इसके डायपर बदले हैं। बुढ़ापे में ये कह रहा है कि मेरे बदल देगा।' शाहिद की इस बात पर ईशान खूब हंसते दिखाई दिए। जब अर्चना ने सवाल किया कि क्या आप बच्चों को बहुत प्यार देने वाले पिता हैं तो इस पर मीरा कहती हैं, 'बहुत ज्यादा. ये बहुत बिगाड़ते हैं, लेकिन गलत तरह से नहीं।'

## नविका और मजेन की सगाई टूटी

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में माया खेरा का किरदार निभा चुकीं एक्ट्रेस नविका कोटिया ने जनवरी में पुणे बेस्ड बिजनेसमैन मजेन मोदे के साथ अपनी सगाई अनाउंस की थी। हालांकि, हाल ही में इस कपल ने अपनी सगाई कैंसिल कर दी है। जानकारी के मुताबिक दोनों इसी साल शादी प्लान कर रहे थे। अब नविका ने मजेन के साथ सगाई से जुड़ी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया से डिलीट कर दी हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक नविका और मजेन इसी साल जुलाई में अलग हो चुके हैं। दोनों के बीच तालमेल नहीं बैठ पाने की वजह से ऐसा हुआ है। जानकारी के मुताबिक शुरू में दोनों के बीच चीजें ठीक थीं, लेकिन फिर इधर सगाई और शादी की तैयारियां शुरू हुईं और उधर चीजें बिगड़नी शुरू हो गईं। मजेन ने दोनों का रिश्ता खत्म होने और उनके रास्ते अलग कर लेने की खबर की पुष्टि की है।



# पहली बार करवा चौथ मनाएंगे ये सेलिब्रिटी कपल

*मुंबई। करवा चौथ का त्योहार इस साल 29 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस खास मौके पर शादीशुदा महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए व्रत रखती हैं। आम लोगों की तरह बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री में भी इस त्योहार की खास रौनक देखने को मिलती है। खास बात ये है कि इस साल कई मशहूर सेलिब्रिटी कपल्स के लिए करवा चौथ बेहद खास होने वाला है, क्योंकि शादी के बाद यह उनका पहला करवा चौथ होगा। इस लिस्ट में रश्मिका मंदाना-विजय देवरकोंडा से लेकर कृतिका कामरा-गौरव कपूर और अर्जुन रामपाल-गैब्रिएला डेमेट्रिएड्स तक के नाम शामिल हैं।*







**रश्मिका - विजय :** साउथ सिनेमा के चर्चित कपल रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा इस साल 26 फरवरी को शादी के बंधन में बंधे थे। दोनों ने राजस्थान के उदयपुर में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में शादी रचाई। इस दौरान तेलुगु और कोडवा रीति-रिवाजों से दो अलग-अलग विवाह समारोह आयोजित किए गए थे। लंबे समय तक अपने रिश्ते को निजी रखने वाले इस कपल की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में रही थीं। अब शादी के बाद 29 अक्टूबर को दोनों का पहला करवा चौथ होगा।

**नूपुर-स्टेबिन :** बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन की छोटी बहन नूपुर और मशहूर सिंगर स्टेबिन बेन ने भी इसी साल अपने रिश्ते को शादी का नाम दिया। दोनों ने जनवरी 2026 में उदयपुर में शादी रचाई थी। कपल ने अपनी शादी में दो अलग-अलग परंपराओं को शामिल किया। पहले क्रिश्चियन रीति-रिवाजों से शादी हुई और फिर हिंदू परंपराओं के अनुसार विवाह की रस्में निभाई गईं। दोनों की शादी की तस्वीरों ने फैंस का खूब ध्यान खींचा था। अब नूपुर और स्टेबिन के लिए भी इस साल का करवा चौथ शादी के बाद पहला होगा।

**आकांक्षा- शरण :** एक्ट्रेस आकांक्षा रंजन कपूर और फिल्म डायरेक्टर शरण शर्मा ने 11 जुलाई, 2026 को शादी रचाई थी। दोनों ने मुंबई स्थित अपने घर के गार्डन में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में सात फेरे लिए। खास बात यह रही कि कपल ने शादी के लिए वही तारीख चुनी, जिस दिन चार साल पहले उनके रिश्ते की शुरुआत हुई थी। शादी के दौरान आकांक्षा साड़ी में नजर आई थीं, जबकि शरण ने ऑफ-व्हाइट बंदगला पहना था। आकांक्षा की करीबी दोस्त आलिया भट्ट भी शादी के जश्न का हिस्सा बनी थीं। शादी के करीब तीन महीने बाद यह कपल अपना पहला करवा चौथ आने वाला है।

**कृतिका और गौरव :** टीवी और ओटीटी की मशहूर अभिनेत्री कृतिका कामरा ने 11 मार्च, 2026 को स्पोर्ट्स प्रेजेंटर गौरव कपूर से शादी की थी। दोनों ने मुंबई स्थित अपने घर में सादगी से रजिस्टर्ड मैरिज की थी। इस खास मौके पर परिवार के सदस्यों के अलावा कुछ करीबी दोस्त भी मौजूद थे। शादी के बाद कपल ने अपने दोस्तों के लिए एक सेलिब्रेशन भी रखा था, जिसमें युवराज सिंह, जहीर खान और मलाइका अरोड़ा समेत कई सितारे शामिल हुए थे। शादी के बाद कृतिका लाल साड़ी में बेहद खूबसूरत नजर आई थीं। अब कृतिका और गौरव के लिए भी इस साल का पहला करवा चौथ बेहद खास है।

# लॉस एंजिलिस में बजा रामायण का डंका

**नई दिल्ली।** 'रामायणः राइज ऑफ ए लीजेंड' की लॉस एंजिलिस में खास स्क्रीनिंग हुई, जिसमें रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश शामिल हुए। रेड कार्पेट पर सितारों का अंदाज और 'जय श्री राम' के नारों ने ध्यान खींचा। लॉस एंजिलिस में आयोजित कार्यक्रम में कलाकारों के लुक ने भी लोगों का ध्यान खींचा। भगवान राम की भूमिका निभा रहे रणबीर कपूर सिल्वर रंग की शिमरी बंदगला ड्रेस में नजर आए। उनके लुक में पारंपरिक भारतीय पहनावे के साथ आधुनिक अंदाज की झलक दिखाई दी। वहीं, फिल्म में माता सीता का किरदार निभा रहीं साई पल्लवी लाल रंग की जरदोजी साड़ी पहनकर पहुंचीं। साड़ी पर बारीक कढ़ाई का काम था। उन्होंने अपने लुक को सादगीपूर्ण रखा और खुले बालों के साथ हल्का मेकअप चुना। दूसरी ओर, रावण की भूमिका निभाने के साथ फिल्म के निर्माता के तौर पर भी जुड़े यश ने ऑल-ब्लैक आउटफिट पहना। उन्होंने अपने लुक को आकर्षक ब्रोच और काले चश्मे के साथ पूरा किया। यश के साथ उनकी पत्नी और अभिनेत्री राधिका पंडित भी मौजूद थीं। राधिका हरे और सुनहरे रंग की सिल्क साड़ी में नजर आईं।



### डेविड गेफेन थिएटर में हुई 3डी स्क्रीनिंग

फिल्म की विशेष 3डी स्क्रीनिंग एकेडमी म्यूजियम ऑफ मोशन पिक्चर्स के डेविड गेफेन थिएटर में आयोजित की गई। इस थिएटर में करीब 945 लोगों के बैठने की क्षमता है। कार्यक्रम में फिल्म की टीम के अलावा कई चर्चित हस्तियां और खास मेहमान भी शामिल हुए। इनमें जेडा पिंकेट स्मिथ, रोहिणी अय्यर, बेंजी केली और जिसेला मारेंगो के नाम शामिल हैं। हालांकि, फिल्म में लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले रवि दुबे और शूर्पणखा का किरदार निभाने वाली रकुल प्रीत सिंह इस प्रीमियर में नजर नहीं आए।

## दिलवाले दुल्हनियां से बागबान तक, इन फिल्मों में दिखा त्योहार का जादू

# चांद का दीदार, पति से प्यार... फिल्मों में सेलिब्रेट किया गया करवा चौथ

*नई दिल्ली। करवा चौथ का त्यौहार हर शादीशुदा महिला के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। निर्जल रहकर कई औरतें अपने पति की लंबी उम्र के लिए यह व्रत करती हैं और चांद देखने के बाद पानी पीकर व्रत खोलती हैं। सिनेमा में भी करवाचौथ के फेस्टिवल को काफी ग्रैंड लेवल पर सेलिब्रेट किया गया है। एक अरसे से करवा चौथ के व्रत की महत्वता को फिल्मों में दिखाया जा रहा है।*

### दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे

शाह रुख और काजोल की सबसे फेवरेट फिल्मों में से एक दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे है। इस कल्ट फिल्म के एक सीन में सिमरन राज के लिए पूरे दिन भूखी प्यासी रहकर करवा चौथ का व्रत रखती हैं। जब वह राज को ये बताती है, तो वह सिमरन को प्यार से डांट देता है। लेकिन वह जिद ठान लेती है कि व्रत खोलेगी तो सिर्फ राज (Shah Rukh Khan) के हाथ से। जैसे ही त्यौहार सेलिब्रेट होने लगता है, सिमरन बेहोश होने का नाटक करती है और राज खुद उसे पानी पिलाता है। ये सीन दिलवाले दुलहनियां के सबसे यादगार सीन्स में से एक हैं।

### कभी खुशी कभी गम

शाह रुख खान की सिर्फ डीडीएलजे में ही नहीं, बल्कि कभी खुशी कभी गम में भी करवा चौथ के त्यौहार की महत्वता को दिखाया गया है। करण जौहर की फिल्म में विदेश में बैठी महिलाओं के लिए भी ये फेस्टिवल कितना मायने रखता है, इसे बहुत ही खूबसूरती से पर्दे पर उतारा है।





### बागबान

पति-पत्नी भले ही एक दूसरे से दूर हो या पास, लेकिन अगर उन्होंने चाह लिया तो भी वह इस व्रत को रखकर एक-दूसरे की लंबी उम्र की कामना कर सकती हैं। ये ही अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी स्टारर फिल्म बागबान में दिखाया गया है। जहां दोनों हर साल एक-दूसरे के लिए व्रत करते हैं। हालांकि, एक समय ऐसा आता है, जब उनके बच्चे उन्हें एक-दूसरे से अलग कर देते हैं, लेकिन जुदा होकर भी वह करवाचौथ का व्रत रखते हैं और फोन पर व्रत खोलते हैं।

### बीवी नं. वन

करिश्मा कपूर और सलमान खान स्टारर फिल्म बीवी नं वन का करवाचौथ सीन काफी आइकॉनिक है, क्योंकि उसमें एक महिला के प्यार और पुरुष की चीटिंग का भी एक पहलू दिखाया गया है। फिल्म में सलमान खान का किरदार करवा चौथ के बीच अपनी पत्नी को धोखा देकर गर्लफ्रेंड का फास्ट खुलवाने जाता है।

### इश्क-विश्क

शाहिद कपूर और अमृता राव की जोड़ी दर्शकों की फेवरेट रही है। उनकी साल 2003 में रिलीज हुई फिल्म में भी करवा चौथ का सेलिब्रेशन दिखाया गया है, जहां छुपते-छुपाते अमृता राव, शाहिद कपूर के लिए व्रत रखती हैं। शाहिद भी उनसे ये वादा करते हैं कि वह उनका व्रत खुलवाने जरूर आएंगे।

## खबर संक्षेप

### जिले के 37 यात्री स्वर्ण मंदिर वैष्णोदेवी के करेगें दर्शन

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन की ओर से संचालित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत जिला जशपुर के लिए माह नवम्बर 2026 की तीर्थ यात्रा का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। योजना के अंतर्गत जशपुर जिले के 37 यात्रियों को तीर्थ यात्रा पर ले जाया जाएगा। तीर्थ यात्रा का स्थान अमृतसर, स्वर्ण मंदिर, वैष्णो माता मंदिर एवं वाघा बॉर्डर निर्धारित किया गया है। यात्रा की अवधि 10 नवम्बर से 15 नवम्बर 2026 तक रहेगी। यात्रा हेतु इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन के साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र की छायाप्रति एवं मेडिकल प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। इस योजना में वरिष्ठ नागरिक, विधवा एवं परित्यक्त महिलाएं जो छत्तीसगढ़ की निवासी हैं, आवेदन कर सकती हैं। चयन में ग्रामीण क्षेत्र के 75 प्रतिशत एवं नगरीय क्षेत्र के 25 प्रतिशत यात्रियों को शामिल किया जाएगा। इसमें बीपीएल के 80 प्रतिशत एवं एपीएल के 20 प्रतिशत हितग्राही होंगे। एपीएल हितग्राही आयकर दाता की श्रेणी में नहीं होना चाहिए। हितग्राही ने पूर्व में इस योजना का लाभ नहीं लिया हो तथा वह शासकीय सेवक न हो एवं गंभीर संक्रामक रोग से ग्रसित न हो। 65 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति जो अकेले यात्रा करने में असमर्थ हैं, वे अपने साथ 21 से 50 वर्ष आयु के एक सहायक को ले जा सकते हैं। यदि पति-पत्नी में से किसी एक का चयन होता है तो उसका जीवन साथी भी यात्रा पर जा सकेगा।

### सम्मान निधि की 24वीं किस्त का अंतरण 30 को

**सारंगढ़।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त का अंतरण 30 अक्टूबर को किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के बनासकांठा से देशभर के पात्र किसानों के बैंक खातों में राशि हस्तांतरित करेंगे। जारी लॉट के अंतर्गत सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के 72 हजार 874 किसान इस किस्त से लाभान्वित होंगे। उप संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित होने वाले किसानों में विकासखंड बरमकेला के 18 हजार 167, सारंगढ़ के 24 हजार 706 और बिलाईगढ़ के 30 हजार एक किसान शामिल हैं। किस्त अंतरण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का वेबकास्ट के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस दिन को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

### छात्राओं को महिला अधिकारों के प्रति किया जागरूक



**सारंगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा 26 अक्टूबर को राम आदर्श महिला महाविद्यालय, सारंगढ़ में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में छात्राओं को दहेज प्रथाए महिला अधिकारों, सुरक्षा, घरेलू हिंसा और विभिन्न प्रकार की प्रताड़ना से संबंधित जानकारी दी गई। शिविर में सखी वन स्टॉप सेंटर की काउंसलर और केस वर्कर ने छात्राओं को दहेज प्रथा के दुष्परिणामों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और समानता से जुड़ा गंभीर सामाजिक मुद्दा है।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए जन जागरूकता पहल

**रायगढ़।** एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र द्वारा विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत आमजन में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सार्वजनिक स्थलों की दीवारों पर जन जागरूकता संबंधी नारे लिखवाए जा रहे हैं। इस पहल के माध्यम से ई कचरा प्रबंधन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के महत्व का संदेश दिया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को कचरे के उचित निस्तारण, ई.कचरे के सुरक्षित प्रबंधन तथा स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूक करना है। ताकि जनभागीदारी से स्वच्छ, सुंदर एवं हरित पर्यावरण के निर्माण को बढ़ावा मिल सके।

### 515 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा, टेबल टेनिस और शॉट पुट में रायगढ़ को स्वर्ण

# एकलव्य विद्यालय छर्राटांगर में राज्य स्तरीय खेलकूद स्पर्धा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़






जिले के घरघोड़ा ब्लॉक स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छर्राटांगर में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2026-27 का लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के आठ क्लस्टरों के लगभग 515 बालक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में बलरामपुर, बस्तर, धमतरी, गौरेला पेंड्रा मरवाही, रायगढ़, कांकेर, सरगुजा और सुकमा क्लस्टर के खिलाड़ी शामिल हैं। विभिन्न खेल स्पर्धाओं में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। स्पर्धा के पहले दिन अंडर 14 बालक एकल टेबल टेनिस स्पर्धा में रायगढ़ के सागर धुरव ने स्वर्ण पदक जीता। फाइनल में उन्होंने गौरेला पेंड्रा मरवाही के विनायक पैंकरा को 3.0 से हराया। सागर ने पहला सेट 15.13, दूसरा 11.9 और तीसरा 11.7 से जीता। विनायक पैंकरा दूसरे और सरगुजा के रूपेश कुमार तीसरे स्थान पर रहे।

वहीं अंडर 19 बालक शॉट पुट में रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ के शिवम सिरसो ने 9.99 मीटर गोला फेंककर पहला स्थान हासिल किया। वाड्रफनगर के बलदेव सिंह 9.72 मीटर के साथ दूसरे और धमतरी के भावेश 8.85 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अंडर 14 बालक वर्ग में कांकेर क्लस्टर के सुरेंद्र कोला ने 11.53 मीटर का प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता। सुकमा के रेनूराम दूसरे और धमतरी के जीव्रा खान तीसरे स्थान पर रहे। खो-खो प्रतियोगिता में आठ क्लस्टरों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। फाइनल मुकाबला कांकेर और धमतरी क्लस्टर के बीच खेला गया, जिसमें कांकेर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की और विजेता का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में उत्साह, अनुशासन और टीम भावना देखने को मिली। अंडर 14 बालक शतरंज में एकलव्य विद्यालय मैनपाट के आकाश टोप्पो ने पहला स्थान हासिल किया। भोरिंग के कुणाल ठाकुर दूसरे और अंतागढ़ के तामेश्वर कोरेटी तीसरे स्थान पर रहे। अंडर 19 वर्ग में बलरामपुर के नारद सिंह विजेता बने। अंतागढ़ के साहिल कुमार नरेटी दूसरे और मैनपुर के येसुर्या धुरवा तीसरे स्थान पर रहे।

#### पारंपरिक योग में भी खिलाड़ियों ने जीते पदक

अंडर.19 पारंपरिक योग में सरगुजा के प्रियांजल एक्का ने स्वर्ण, बलरामपुर के प्रिंस सूर्यवंशी ने रजत और रायगढ़ के दुकेश कुमार ने कांस्य पदक हासिल किया। अंडर 14 वर्ग में सरगुजा क्लस्टर के लुंड्रा के अभय मिंज प्रथम, कांकेर क्लस्टर के आदित्य कुमार नेताम द्वितीय और बलरामपुर क्लस्टर के अविनाश सिंह तृतीय स्थान पर रहे। अंडर.19 बालक बास्केटबॉल प्रतियोगिता में सात टीमों ने हिस्सा लिया। इनमें कांकेर, बलरामपुर, बस्तर और सुकमा क्लस्टर की टीमों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके अलावा कबड्डी, वॉलीबॉल और फुटबॉल सहित अन्य खेलों में भी मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं। तीन दिवसीय प्रतियोगिता जनजातीय विद्यार्थियों को राज्य स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर दे रही है। विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ी खेल कौशल के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का परिचय दे रहे हैं।

#### खेल अनुशासन सिखाता है : सांसद

एकलव्य आवासीय विद्यालय के राज्य स्तरीय खेल महोत्सव का सांसद राधेश्याम राठिया ने शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न संभागों से पधारे प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सांसद श्री राठिया ने खिलाड़ियों की प्रतिभाएं खेल भावना और अनुशासन की सराहना करते हुए उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा खेल के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ हासिल करने के लिए प्रेरित किया। खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त आधार है। ऐसे आयोजन युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेलें, सीखें और सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करें।

## मानवता शर्मसार, मूक-बधिर महिला के साथ दुष्कर्म

**जशपुरनगर।** जिले के तुमला थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है, जिसमे एक मूक वधिर दिव्यांग महिला के साथ दुष्कर्म किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 अक्टूबर को थाना तुमला क्षेत्र के एक ग्राम के 34 वर्षीय पीड़िता के भाई ने थाना तुमला में उपस्थित होकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25 अक्टूबर की शाम लगभग 6:30 बजे उसकी बहन शौच के लिए मैदान की ओर जा रहा था। इसी दौरान उसे भदरा झाड़ी की ओर से किसी के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर वह तत्काल उस दिशा में दौड़कर गया, जहां उसने अपनी 37 वर्षीय दिव्यांग बहन, जो बोलने में असमर्थ है, के साथ गांव के ही चंद्रहास कुमार को खेत के पास दुष्कर्म करते हुए देखा। प्रार्थी को मौके पर आता देखकर आरोपी अपने कपड़े, पर्स एवं मोबाइल फोन मौके पर छोड़कर वहां से भाग गया।



**पुलिस की त्वरित कार्रवाई आरोपी भेजा गया जेल**

पीड़िता का कराया गया मेडिकल टेस्ट, आरोपी भेजा गया जेल- मामले की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए थाना तुमला पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चंद्रहास कुमार के विरुद्ध धारा 64(1), 64(2)(i) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना तुमला पुलिस ने आरोपी चंद्रहास कुमार को हिरासत में लिया तथा पीड़िता का विधिवत मेडिकल परीक्षण कराया। विवेचना के दौरान आरोपी से पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किए जाने एवं प्रकरण में पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। प्रकरण में पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

गंभीर अपराधों के आरोपियों विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी- डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह ने कहा कि जशपुर पुलिस महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों के प्रति गंभीर एवं संवेदनशील है। थाना तुमला क्षेत्रांतर्गत एक दिव्यांग महिला के साथ दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। ऐसे गंभीर अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रकरण में पुलिस की अग्रिम कार्रवाई जारी है।

## ग्रामीण हितग्राहियों को अब तक 150 कुक्कुट इकाइयों का वितरण

**सारंगढ़।** ग्रामीण परिवारों को स्वरोजगार से जोड़ने, उनकी आय बढ़ाने और पोषण सुरक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में बैकयार्ड कुक्कुट इकाई वितरण योजना संचालित की जा रही है। राज्य शासन की इस योजना के माध्यम से ग्रामीण हितग्राहियों को रियायती दर पर कुक्कुट इकाई उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे वे कम लागत में मुर्गी पालन शुरू कर अंडे और मांस के उत्पादन से अतिरिक्त आय अर्जित कर सकें। जिला



प्रशासन के अंतर्गत पशुधन विकास विभाग द्वारा जिले में योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू के नेतृत्व में जिले में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र परिवारों तक आजीविका के अवसर पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं से प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिले को 191 बैकयार्ड कुक्कुट इकाइयों के वितरण का लक्ष्य मिला है। इसके विरुद्ध अब तक 150 इकाइयों का वितरण किया जा चुका है।

## टीबी मुक्त घरघोड़ा की उपलब्धि पर विभागीय टीम सम्मानित

**घरघोड़ा।** छत्तीसगढ़ शासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा विकासखंड घरघोड़ा को राज्य स्तर पर सम्पूर्ण टीबी क्षय रोग मुक्त घोषित किए जाने के उपलक्ष्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर टीबी उन्मूलन के लक्ष्य की प्राप्ति में योगदान देने वाले स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं स्वास्थ्य अधिकारियों ने इस उपलब्धि को स्वास्थ्य विभाग की टीम के समर्पण,



समन्वय और निरंतर प्रयासों का परिणाम बताते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया।

## सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत स्कूलों में जागरूकता शिविर




**जशपुरनगर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के मार्गदर्शन में बुधवार 28 अक्टूबर को सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत जिले के तीन विद्यालयों में जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के पैरालीगल वॉलिंटियर्स के माध्यम से देव पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल जशपुर, सेंट जेवियर इंग्लिश मीडियम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शांतिभवन जशपुर एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम नवीन आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में देव पब्लिक स्कूल में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) जनार्दन खरे एवं जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सरोजनी जनार्दन खरे, सेंट जेवियर स्कूल में व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी सुश्री दिव्या गोयल तथा स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रशिक्षु न्यायाधीश अभिनव कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे। शिविर के दौरान बच्चों को पॉक्सो एक्ट, गुड टच-बैड टच, बाल अधिकार एवं संरक्षण, साइबर सुरक्षा तथा सुरक्षित बचपन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## मानसिक स्वास्थ्य के लिए मददगार बन रही टेली मानस सेवाएं

**रायगढ़।** आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव, चिंता और मानसिक परेशानियों का सामना कर रहे लोगों के लिए टेली मानस सेवा एक महत्वपूर्ण सहारा बन रही है। इसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति घर बैठे टोल फ्री नंबर पर कॉल कर मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए निःशुल्क परामर्श प्राप्त कर सकता है। भारत सरकार की पहल टेली मेंटल हेल्थ असिस्टेंस एंड नेटवर्किंग अक्रॉस स्टेट्स टेली मानस का उद्देश्य लोगों को सुलभ मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। कई बार सामाजिक झिझक, लोक लाज या जानकारी के अभाव में लोग अपनी मानसिक परेशानियों को साझा नहीं कर पाते और समय पर सहायता लेने से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में यह सेवा लोगों को गोपनीय तरीके से विशेषज्ञों से सलाह लेने का अवसर प्रदान करती है। टेली मानस सेवा के माध्यम से अत्यधिक तनाव, घबराहट, बेचैनी, लंबे समय तक उदासी, अवसाद के लक्षण, नींद से जुड़ी परेशानियां, पढ़ाई का दबाव और पारिवारिक समस्याओं जैसी स्थितियों में परामर्श लिया जा सकता है। इसके अलावा नशे की लत से छुटकारा पाने के लिए भी विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है।

**मौसम विभाग की जिलेवासियों से सतर्क रहने की अपील**

## मौसम ने बदला पाला, जिले में बारिश और तेज हवाओं का कहर

**जशपुरनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में गुरुवार को बारिश दर्ज की गई। मौसम में ठंडक बनी हुई है तथा दिनभर बारिश की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही तेज हवाएं चलने की भी आशंका है। मौसम विभाग ने बारिश एवं तेज हवाओं की संभावना को देखते हुए जिलेवासियों से अपील की है कि वे सुरक्षा एवं सतर्कता बरतें।

आंधी-तूफान के दौरान खुले स्थानों, बड़े पेड़ों, बिजली के खंभों तथा कमजोर भवनों के आसपास खड़े होने से बचें। बिजली चमकने या तेज हवाएं चलने की स्थिति में सुरक्षित स्थान पर शरण लें। मौसम की स्थिति पर लगातार नजर रखें और मौसम विभाग एवं जिला प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।



बुधवार रात से लगातार बारिश, कल दिन में भी गिरा पानी- जिले में बुधवार रात से जोरदार बारिश का दौर जारी है। गुरुवार को दिनभर बारिश की गतिविधियों में और तेजी देखी गई। लगातार बारिश के चलते मौसम में ठंडक बनी हुई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा की ओर से जारी आकस्मिक वर्षा रिपोर्ट के अनुसार 29 अक्टूबर को जिले में कुल 138.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। पूरे जिले में विकासखंडवार बात करें तो जशपुर -19.2 मिमी, मनोरा -25.5 मिमी, कुनकुरी -16.7 मिमी, बगीचा - 16.0 मिमी, कांसाबेल - 20.0 मिमी, बागबहार -15.3 मिमी व सन्ना में 25.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई। आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक बारिश सन्ना में 25.6 मिमी और मनोरा में 25.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वहीं, दुलदुला, फरसाबहार और पत्थलगांव में बारिश दर्ज नहीं हुई। मौसम को लेकर सतर्कता जरूरी-मौसम में बदलाव और तेज हवाओं की संभावना को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। बारिश के दौरान अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें तथा आंधी-तूफान की स्थिति में पेड़ों, बिजली के खंभों और कमजोर संरचनाओं से दूर रहें।

### 7 मृतकों के परिजनों को 28 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर कार्यालय जशपुर की ओर से छत्तीसगढ़ राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत जिले में हुई विभिन्न दुर्घटनाओं में मृत 7 व्यक्तियों के निकटतम वारिसानों को आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील फरसाबहार, पत्थलगांव, सन्ना एवं कुनकुरी क्षेत्र में नदी, बांध, डेम, तालाब एवं खेत की डबरी में डूबने तथा सर्पदंश से हुई मृत्यु के कुल 7 प्रकरणों में प्रत्येक को 4-4 लाख रुपए के मान से कुल 28 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत प्रकरणों में खारीबहार निवासी स्व कृपासागर कुजूर, राजाआमा निवासी स्व जलसिंह सिदार, कामारिमा निवासी स्व कृष्णा राम विश्वकर्मा, पकरीकछार निवासी स्व राजेन्द्र कुंवर, घटमुंडा निवासी स्व शाखापति, चराईखारा निवासी स्व फुलकुमारी बाई तथा मुण्डाडीह निवासी स्व पिंकेश्वर साय के परिजन शामिल हैं। कलेक्टर रोहित व्यास ने संबंधित तहसीलदारों को स्वीकृत राशि का भुगतान हितग्राहियों को शीघ्र करने के निर्देश दिए हैं।

## पमशाला के श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में भजन-कीर्तन

**जशपुरनगर।** कार्तिक मास के पावन अवसर पर ईब नदी तट स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर, पमशाला में महीने भर चलने वाले भजन-कीर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ हो गया है। 27 अक्टूबर से 24 नवंबर तक आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर भगवान श्रीराधा-कृष्ण की आराधना कर रहे हैं। मंदिर परिसर में प्रतिदिन भजन-कीर्तन से भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन सुबह 8 बजे और शाम 5 बजे से भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें क्षेत्र की विभिन्न कीर्तन मंडलियां शामिल होकर भक्ति गीतों की प्रस्तुति दे रही हैं। भजन-कीर्तन के माध्यम से श्रद्धालु भगवान की भक्ति में रम रहे हैं और मंदिर परिसर भक्तिमय स्वर से गूंज रहा है।



भजन-कीर्तन में शामिल होने श्रद्धालुओं से अपील- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी एवं अखिल भारतीय कंवर समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल्या साय ने श्रद्धालुओं और क्षेत्र की भजन-कीर्तन मंडलियों से इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है। अखिल भारतीय कंवर समाज, पमशाला के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के लोग जुटे हुए हैं। कार्तिक मास के दौरान आयोजित यह धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिक साधना से जुड़ने का अवसर प्रदान कर रहा है।

24 नवंबर तक चलेगा यह धार्मिक आयोजन- श्री राधा-कृष्ण मंदिर पमशाला में 24 नवंबर तक प्रतिदिन सुबह और शाम भजन-कीर्तन जारी रहेगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है। क्षेत्र के श्रद्धालु इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान श्री राधा-कृष्ण की भक्ति में समय व्यतीत कर रहे हैं।




